संक्षिप्त

चार दिवसीय योग प्रशिक्षण का प्रारम्भ

टोंक। देवली उपखंड के दूनी मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस को लेकर बुधवार को चार दिवसीय योग टीचर्स एवं शारीरिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रोटोकॉल के अनुसार दक्ष प्रशिक्षक दूनी आयुर्वेद अधिकारी प्रेमराज मीणा, योग इंस्ट्रक्टर खुशीराम गुर्जर एवं दिव्यांशी जैन के द्वारा दूनी ब्लॉक के सभी योग टीचर्स का प्रशिक्षण कार्य शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवरलाल कुम्हार ने बताया कि यह योग दिवस वन अर्थ वन हेल्थ थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्य आयुष मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किए गए हैं।

राजेश पायलट की पुण्यतिथि मनाई

टोंक। पूर्व केंद्रीय मंत्री व किसान नेता स्व. राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक में जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने राजेश पायलट के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसदौरान जिलाध्यक्ष बैरवा ने स्वर्गीय राजेश पायलट को नमन करते हुए कहा कि गरीबों एवं किसानों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने वाले महान जननेता थे, उन्होंने कहा कि सत्ता के सिंहासन पर बैठकर भी उन्होंने अपने भीतर के किसान को कभी मरने नहीं दिया, उनकी सादगी, स्पष्टवादिता और कर्मठता उन्हें दूसरों से अलग बनाती थी। इस अवसर पर जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान, कैलाशी देवी मीणा, मिर्जा इरशाद बैग, फौजु राम मीणा, राहुल सैनी, धर्मेंद्र सालोदिया, मनिंदर बैरवा इत्यादि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अवैध शराब के 48 पव्वे सहित एक धरा

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा जिला स्तर पर चलाये जा रहै विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बैनिवाल एवं वृत्ताधिकारी देवली रामसिंह के सुपरविजन में घाड थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व मे गठित टीम ने ग्राम घाड से धुवाकलां जाने वाले रास्ते पर स्थित बिसलपुर की नहर की पुलिया पर एक पलास्टिक के कटटे मे अवैध देशी शराब के 48 पव्वे को परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी राजाराम पुत्र रामदेव मीणा उम्र 37 साल निवासी भरनी थाना घाड को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से 48 पव्वे देशी शराब को जप्त किया गया है।

लीलाधर लंबोरा बने जिलाध्यक्ष

पावटा। राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी परिषद कोटपुतली बहरोड़ की ओर से बुधवार को कोटपूतली-बहरोड जिले के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव का आयोजन किया गया। सी बी ई ओ कार्यालय पावटा अशोक शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कोटपुतली बहरोड़ लीलाधर लंबोरा को प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह राव व प्रदेश महामंत्री कमलेश शर्मा द्वारा कोटपूतली-बहरोड़ जिले के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

बजरी ले जाते पांच ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त

टोंक। वृताधिकारी निवाई मृत्युन्जय मिश्रा के निर्देशन में निवाई थानाधिकारी रामजीलाल द्वारा गठित टीम ने थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध बजरी परिवहन में कार्यवाही करते हुए पांच ट्रेक्टर मय ट्रोली को अवैध बजरी से भरी हुए को थाना टीम ने जप्त किया है। इस कार्यवाही में ट्रैक्टर चालक/मालिकों के खिलाफ बीएनएस व एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 तक

दूदू। राजकीय कन्या महाविद्यालय दूदू में स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 जून तक की जाएगी प्राचार्य डॉक्टर संदीपन आर्य ने बताया कि छात्राएं आवेदन ऑनलाइन ईमित्र पर जाकर कर सकती हैं किसी समस्या के आने पर प्रभारी डॉ मुकेश शर्मा डॉ रजनी शर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत कार्यों का लोकार्पण किया

पावटा। वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को ग्राम नीलका आंतेला में अमृत सरोवर पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अंतर्गत पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण की जागरूकता के लिए सरोवर के जल की पूजा अर्चना की गई और सरोवर के आसपास विधायक कुलदीप धनकड सहित अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण किया।

वहीं उपस्थित जन समूह व जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा साफ सफाई अभियान चलाकर सामूहिक श्रमदान किया गया। वही राजीविका महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई व कलश जल का सरोवर में विसर्जन किया गया। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने जनसमूह को संबोधित करते हुए जल संरक्षण एवं पौधारोपण के महत्व के बारे में बताया व राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अधिक अधिक लोगों को जोड़कर प्रकृति को बचाने का संदेश भी दिया। वही उन्होंने एनीकेट सरोवर फॉरेस्ट बाउंड्री नीलका का निरीक्षण किया। विधायक धनकड ने क्षेत्रसियों से आव्हान किया कि जन सहभागिता को बढ़ावा देते हुए वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान में ज्यादा से ज्यादा श्रमदान करें तथा परंपरागत जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाएं जिससे वर्षा जल का संचयन हो। विधायक धनकड ने कहा कि राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं पानी की आवश्यकता को समझते हुए सरकार ने डेढ साल में जलापूर्ति के लिए लगातार निर्णय किए हैं। उन्होंने कहा,हम पानी के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विराटनगर उपखंड अधिकारी अमिता मान द्वारा ब्लॉक स्तर पर चलाए जा रहे अभियान की विभिन्न गतिविधियों के बारे मे बताया व इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में वाटर शेड डिपार्टमेंट से अधीक्षण अभियंता हरिमोहन बैरवा द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विकास अधिकारी राजकुमार बडजात्या, तहसीलदार लालाराम यादव, सहायक अभियंता दयाराम चौधरी, एईएन कपिल शर्मा, सहायक अभियंता प्रदीप यादव व कनिष्ठ अभियंता रीना खन्ना, आंतेला सरपंच जयराम नागर सहित ब्लॉक लेवल स्तरीय अधिकारी व् जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

श्रमदान से स्वच्छता का संदेश दिया

पावटा। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मंगलवार को प्रशासन द्वारा उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय व बार परिसर में प्रशासन एवं शहर के नागरिकों की जनसहभागिता से श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार संजय खेदड, बार यूनियन अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश सैनी, सचिव एडवोकेट सुरेंद्र सिंह, उपखंड कार्यालय कार्मिक कैलाश चंद सैनी सहायक प्रशासनिक अधिकारी, रीडर रामनिवास यादव, तहसील कार्यालय कार्मिक भरत सिंह नेहरा व सहायक कुलदीप मीणा, राजपाल मीणा, पटवारी मनीष यादव, विक्रम यादव, जितेंद्र चौधरी सहित अधिवक्ताओं व कार्मिकों सहित आमजन ने श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता व साफ-सफाई का संदेश किया। साथ ही जल संरक्षण एवं पर्यावरण के महत्व के प्रति आमजन को जागरूक किया।

उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी भावी पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस जन-जन के अभियान में जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए जल संरक्षण व पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें। साथ ही आगामी वर्षा ऋतु में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए एवं जल संरक्षित करे।

खिलाड़ी किस नंबर पर खेलेगा,ये कप्तान तय करता : स्मृति ईरानी

- मैं चाहे राहुल गांधी को हरा दूं लेकिन सास-बहू पीछा नहीं छोड़ेगी

अलवर। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को अमेठी में लोकसभा चुनाव हरा चुकी बीजेपी की पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी आज अलवर आई। उन्होंने कहा- मैं चाहे कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष को हरा दूं। चाहे तीन बार सांसद बन जाऊं, चाहे मंत्री बन जाऊं लेकिन ये सास-बहू मेरा पीछा नहीं छोड़ेगी।

आगे की राजनीतिक पारी को लेकर वे बोलीं- खिलाड़ी सिर्फ मैदान और नया क्या कीर्तिमान स्थापित करता है, वो देखता है। खिलाड़ी कौनसे नंबर पर खेलने जाएगा, ये कप्तान तय करता है।

स्मृति ईरानी बुधवार को अलवर सांसद भूपेंद्र यादव की ओर से खिलाडिय़ों के लिए एलआईईटी कॉलेज में चल रहे समर कैंप में खिलाडिय़ों को मोटिवेट करने आई थी। स्मृति ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परंपरागत व आधुनिक खेल से आमजन को जोडऩे का आदेश किया है कि अपने-अपने विस्तार में जनता के बीच रहकर खेलकूद उत्सव का आयोजन करें। प्रधानमंत्री की इस कल्पना को चरितार्थ अलवर में भूपेंद्र यादव ने किया है। भूपेंद्र यादव राजनेता के नाते समाज को जोडऩे और हर वर्ग के उत्थान के प्रति अपनी रुचि को दर्शाया है। अलवर संसदीय क्षेत्र में महिला, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों को भी आगे लेकर आए हैं। यहां खेल को उत्सव के रूप में मनाया है। प्रधानमंत्री की सोच में चार चांद लगाने वाले मुख्य नेता हैं। ये मेरा 20 साल का निजी अनुभव है। उन्होंने जीवन में कोई काम इस उद्देश्य से नहीं किया कि क्या हैडलाइन बननी है। वे हमेशा वंचित वर्ग को आगे लाने का काम करते हैं। यहां ग्रामीण अंचल से विभिन्न खेलों में बालिकाओं ने पहल की है। माता-पिता ने भी सांसद भूपेंद्र यादव के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। कई राष्ट्रीय खिलाड़ी अलवर आने वाले हैं।

खाद्य बीज गोदाम का शिलान्यास किया

- 'बजट 2024-25 में की गई थी पूरे राजस्थान में 100 गोदाम बनाने की घोषणा की
- डीग जिले से गृह राज्य मंत्री के मार्गदर्शन में ग्राम बेढ़म चयनित

डीग/भरतपुर (निस)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने ग्राम बेढ़म में बुधवार को ग्राम सेवा सहकारी समिति के गोदाम का शिलान्यास किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर देवी सिंह, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति डीग रामावतार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बजट घोषणा 2024-2025 के तहत संपूर्ण राजस्थान में किसानों के लिए उपज का भंडारण समुचित रूप से हो सके इसके लिए 100 गोदामों बनाने की घोषणा की गई थी। नगर विधानसभा में किसानों को राहत देते हुए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के अथक प्रयासों से डीग जिले से गोदाम निर्माण के लिए ग्राम बेढ़मघ्ध का चयन हुआ। अब बेढ़मघ्ध में खाद्य बीज गोदाम का गृह राज्य मंत्री के कर कमलों से शिलान्यास पूरा हो चुका है।

गोदाम बनने से किसानों को बीज भंडारण, समय पर खाद-बीज की खरीद, और अन्य कृषि संबंधी सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। पूर्व में 1985-86 में निर्मित गोदाम जीर्ण-शीर्ण के अवस्था में था परंतु बजट घोषणा में पुर्ननिर्माण की स्वीकृति आ जाने से अब नवीन सुविधाओं से निर्मित गोदाम किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा। गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने बताया कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने और किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने में मददगार रहेगा। उन्होंने कहा कि खेती, पशुपालन, और अन्य व्यवसाय संबंधी जरूरतें भी इससे पूरी की जा सकेंगी।

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी उपज को सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने, बिचौलियों से बचने, और उचित मूल्य प्राप्त करने में यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में निरंतर ही किसान के हितों को ध्यान में रखकर फैसले लिए गए है। गोदाम किसानों को अपनी उपज को थोक में बेचने की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे उनकी आय में इजाफा होता है। साथ ही गोदाम निर्माण और संचालन से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने की असीम संभावना उत्पन्न होती है।

इस दौरान ग्रामीणजन ने गृह राज्य मंत्री बेढ़म का धन्यवाद किया और किसानों के हित में एक ओर ठोस कदम उठाने पर आभार प्रकट किया। ग्रामीणों ने बेढ़म के आत्मीयता, प्रेरणादायक पहलों और असीमित ऊर्जा के लिए उनकी सराहना की। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति लिमिटेड बेढ़म के अध्यक्ष भजन सिंह, व्यवस्थापक लाल सिंह बेढ़म सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हलैना में बनेगा दो करोड़ का गौरव पथ

- सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने दी सौगात

हलैना भरतपुर (निस)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ,डिप्टी सीएम दीया कुमारी और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने विधानसभा क्षेत्र वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली की शिफारिश और आग्रह पर जयपुर नेशनल हाईवे - 21 से गांव वाराखुर्द वाया हलैना इन्दिरा कॉलोनी तक 2 करोड़ की लागत गौरव पथ बनेगा।

ये सौगात मिल जाने से कस्बा हलैना, वाराखुर्द, रहीमगढ़, सिरस, सिंघारावली एव भगतपुरा आदि गावों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। जिसके तहत सड़क के दोनों ओर नाला तथा सीसी सड़क बनेगी और सड़क की लम्बाई एक किमी होगी। इस पथ की बनने की सुनते ही कस्बा और क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम विधायक बहादुर सिंह कोली का आभार प्रकट कर उन्हें बधाइयां दी। पीडब्ल्यूडी विभाग के सूत्रों के अनुसार ये गौरव पथ जयपुर नेशनल हाईवे हलैना की इन्दिरा कॉलोनी से शुरू हो कर गांव बाराखुर्द की ओर डामर की सड़क तक बनेगा। गौरव पथ के निर्माण के लिए डबल इंजन की सरकार ने दो करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया है। गौरव पथ के स्वीकृत होने पर भाजपा ग्रामीण मण्डल वैर के पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह टंटा, पंचायत समिति सदस्य संजय गुप्ता, पूर्व पंच विनोद मित्तल, कस्बा हलैना के प्रशासक दीपेश कुमार, मोहन सिंह डीलर, रामकिशन शर्मा, पूर्व पंचायत समिति वैर सदस्य गजेंद्र सिंह, विष्णु मित्तल पत्रकार, भाग चन्द शर्मा, सुमरन शर्मा, खेमचंद लवानिया आदि ने मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, गृह राज्य मंत्री, क्षेत्र के विधायक आदि का आभार प्रकट किया है।

क्षमता से अधिक माल भरकर दौड़ रहे वाहन

दूदू। जयपुर अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर पालिका मुख्यालय दूंदू के मुख्य चौराहे से क्षमता से अधिक माल भरा जाकर वाहनों को सर पट दौड़ाया जाकर दुर्घटनाओं को न्यौता दिया जा रहा है चौराहे से मालपुरा अजमेर की ओर से चारे के ट्रैक्टर पर बजरी के डंपर क्षमता से अधिक माल भरकर सर पर दौड़ रहे हैं मुख्यालय पर पुलिस थाना संचालित होने के साथ-साथ चौराहे पर यातायात पुलिस चौकी भी संचालित है लेकिन यह वहां सरपट दौड़ते नजर आ रहे हैं।

जल संरक्षण की दिलाई शपथ

निवाई। वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत वन विभाग के तत्वावधान में श्यामाप्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, अध्यक्षता कर रही जिला प्रमुख सरोज बंसल व नगरपालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी की मौजूदगी में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक वर्मा व अन्य अतिथियों ने वन विभाग रेंज निवाई द्वारा वन क्षेत्र में मुख्यमंत्री जन स्वावलंबन अभियान 2.० योजना में करवाए गए पूर्ण कार्य व जल संरक्षण के लिए करवाए गए कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि विधायक वर्मा ने कहा कि जल है तो कल है।

इसे सबको ध्यान में रखना चाहिए और वर्षा जल का संरक्षण करना चाहिए। जिससे आगामी समय में जल की कमी ना रहे। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने राज्य सरकार की वंदे गंगा जल संरक्षण के लिए चलाए गए अभियान की प्रशंसा की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष इसरानी ने कहा कि जल ही जीवन है। जल की एक-एक बूंद को बचाना चाहिए। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान तुलसी का पौधा भी वितरित किया गया।

श्रीराम महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु, हवन कुण्ड में आहुतियां दी

निवाई। गांव खेडा शुकलपुरा में स्थित हनुमान वाटिका मंदिर में निरमाणी अखाडा अयोध्या के महंत दिनेशदास नागा महाराज के सानिध्य में सात दिवसीय 11 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं ने मंत्रोचारण के साथ हवन कुण्ड में आहुतियां दी।

इस दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। श्रद्धालु रंगलाल पटेल पहाडी ने बताया कि आचार्य वेदप्रकाश गौतम के सानिध्य में श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा को लेकर विद्वान पंडितों के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने मंत्रोचारण के साथ हवन कुण्ड में आहुतियां दी।

यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान जय श्रीराम के जमकर जयकारे लगाए। जिससे आस-पास का वातावरण राममय हो गया। हवन के बाद में प्रायश्चित संकल्प, दश विधि स्नान, ब्राह्मण वर्ण एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि गुरूवार को अग्नि नारायण पर्द्भाव एवं हवन का आयोजन होगा एवं शनिवार को पूर्णाहुति के साथ श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक हवन का आयोजन होता है एवं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीमद् कथा का आयोजित होती। इस अवसर पर अनिल शर्मा बंदावला, प्रेमनारायण शर्मा, रामनारायण शर्मा, दिनेश शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, शिवराज शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, देवकीनंदन जांगिड, लक्ष्मीनारायण शर्मा व केदार खेडा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

खेडा शुकलपुरा में आयोजित श्रीराम महायज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु।

सार-समाचार

घर के बाहर खड़ी कार में लगी आग

भरतपुर (निस)। भरतपुर के कोतवाली थाना इलाके में एक घर के बाहर खड़ी कार में अचानक आग लग गई। कार से निकल रही लपटों को देख मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। साथ ही दमकल की गाड़ी को मौके पर बुलाया गया लेकिन गली सकड़ी होने के कारण दमकल की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच पाई। स्थानीय लोगों ने खुद ही आग पर काबू पा लिया। कोतवाली थाना इलाके के एएसआई विजय पाल ने बताया कि कोडियांन मोहल्ला के रहने वाले संजय गुप्ता की कार उनके घर के बाहर खड़ी थी। कार का मॉडल 2012 का था। 7 साल से कार को कोई यूज नहीं कर रहा था। आज सुबह अचानक कार में आग लग गई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। दमकल की गाड़ी को भी फोन किया था लेकिन रास्ता सकड़ा होने के कारण दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच नहीं पाई। कार में आग कैसे लगी इसकी जांच की जाएगी।

चारधाम यात्रा कर लौटे नरेंद्र का स्वागत

नारायणपुर। कस्बे की ठेकला की ढाणी निवासी नरेंद्र गोठवाल ने साइकिल से उत्तराखंड स्थित पवित्र चारधाम यात्रा पूरी कर बुधवार को नारायणपुर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। करीब दो महीने की इस कठिन यात्रा के दौरान उन्होंने लगभग 5 हजार किलोमीटर का सफर साइकिल से तय किया। जैसे ही नरेंद्र गांव पहुंचे, लोगों ने डीजे की धुनों पर नाचते हुए फूल मालाएं पहनाकर और पारंपरिक साफा बांधकर उनका जोरदार स्वागत किया। नरेंद्र गोठवाल ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन औसतन 85 किलोमीटर साइकिल चलाई और इस दौरान बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन किए। यात्रा के दौरान वे अपने साथ आवश्यक खाद्य सामग्री, दवाइयाँ और अन्य जरूरी सामान लेकर निकले थे। उन्होंने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक भावना से प्रेरित नहीं थी, बल्कि उनका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी था। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे यात्रा मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जानकारी भी साझा की। इस पहल से उन्होंने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया। उनकी वापसी पर आयोजित स्वागत समारोह में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश गोठवाल, राकेश दायमा, नरेन्द्र सिंह शेखावत, रोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने नरेंद्र की इस पहल को सराहनीय बताते हुए युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

छप्पन भोग की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

मनोहरपुर, (निसं)। गांधी चौक में श्री श्याम बाबा के जागरण में भजन गायको ने बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में श्री श्याम बाबा की अलौकिक झांकी और छप्पन भोग की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पूरा पंडाल श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा श्रद्धालुओं पर इत्र की वर्षा और फूलों की वर्षा की गई अखंड ज्योत प्रज्वलित कर बाबा श्री श्याम के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। इस अवसर पर रंग बिरंगी आतिशबाजी भी की गई श्रद्धालुओं के तिलक कर रक्षा सूत्र बांधे गए और सर को झुका कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता उपेंद्र यादव का बाबा श्री श्याम की तस्वीर देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मनोहरपुर शाहपुरा गठवाड़ी रतनपुरा खोरा सुराणा टोडी नवलपुरा बिशनगढ़ सहित आसपास के लोग आए। इस अवसर पर हनुमान सहाय गोयल, मनोज कुमार गोयल, प्रदीप कुमार गोयल, दीपांशु गोयल, मोहन लाल गोयल, गिरधारी गोयल, अनिल चौधरी,शंभु मेड़वाला, उमेश मेड़वाला, सन्तोष माधानी, मुकेश उर्फ विक्की मित्तल, मुकेश माधानी,पिंकू चौधरी, सुभाष मित्तल अब्दुल अजीज लोहानी आदि उपस्तिथ थे।

फंसी हुई धनराशि मिली वापस

निवाई। राज्य सरकार की ओर से संभाग पर बनाये गए एमएसएमई सुविधा परिषद् के अवार्ड से शहर के एक औद्योगिक इकाई की फंसी हुई धनराशि वापस मिली है। संभाग के लघु उद्यमी और मध्यम उद्योगो के बकाया राशि वसूली के लिए एमएसएमई सुविधा परिषद् अजमेर संभाग द्वारा उद्यमी की बकाया राशि कुर्की अवार्ड के माध्यम से वसूली की गई। मामले के अनुसार बालाजी स्टील इंडस्ट्रीज, जयपुर ने एस.जी.जी. सीमेंट प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड से पाइपो की खरीद की थी। बालाजी स्टील इंडस्ट्रीज ने माल का भुगतान नहीं किया था। जिस पर एस.जी.जी सीमेंट प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, निवाई के डायरेक्टर कुशाग्र गुप्ता ने राज्य सरकार द्वारा संचालित एमएसएमई सुविधा केंद्र में अपना परिवाद पेश किया। इस पर केंद्र ने भुगतान नहीं करने वाली फर्म के विरुद्ध अवार्ड जारी कर दिया। एस.जी.जी. सीमेंट प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर कुशाग्र गुप्ता का कहना है कि इस सुविधा परिषद् से व्यापारी को अपने रुके हुए पेमेंट्स ब्याज सहित बडी आसानी से मिल जाते है।

तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा

भरतपुर (निस)। राजस्थान में मानसून से पहले भीषण गर्मी ने आमजन को झकझोर कर रख दिया है। भरतपुर में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन में चिलचिलाती धूप और गर्म लू के चलते सड़कें सुनसान नजर आती हैं। लोग केवल जरूरी कामों से ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का सबसे अधिक असर मजदूर वर्ग पर पड़ा है। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोग तपती धूप में काम करने को मजबूर हैं, क्योंकि अगर काम नहीं करेंगे तो घर का चूल्हा नहीं जलेगा। निर्माण कार्यों, सफाई, और खेतों में काम करने वाले मजदूरों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। गर्मी में पसीना पसीने से लथपथ मजदूर शारीरिक तौर पर टूटते नजर आ रहे हैं। कूलर, पंखे और एसी भी इस भीषण गर्मी में बेअसर साबित हो रहे हैं। लोग राहत पाने के लिए नींबू पानी, शिकंजी, और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। डॉक्टरों और प्रशासन की ओर से लू से बचने की सलाह दी गई है।

टीम ने किया औचक निरीक्षण

शाहपुरा। शाहपुरा प्रशासनिक सुधार व समन्वयक विभाग की टीम ने बुधवार को शहर के तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, परिवहन विभाग, महिलाएं बाल विकास विभाग सहित कई राजकीय विभागों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें 8 अधिकारी व 124 कर्मचारी गैर हाजिर रहे। टीम ने कार्मिकों की उपस्थिति पंजिकाएं भी जप्त की। टीम के औचक निरीक्षण से सभी विभागों में हड़कंप मच गया। जानकार के अनुसार शासन सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक के सूर्य बहादुर वर्मा के नेतृत्व में शहर के तहसील कार्यालय, पंचायत समिति कार्यालय, ट्रेजेडी विभाग, महिला बल एवं विकास विभाग, राजकीय उप जिला चिकित्सालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय आदि का औचक निरीक्षण किया। जहां पंचायत समिति में टीम ने लेखा, आवास, पंचायत,संस्थापन शाखा आदि का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान दो कार्मिक बिना कोई सूचना के नरादद पाए गए। विकास अधिकारी ने बताया कि सहायक लेखा अधिकारी भागीरथ प्रसाद सैनी डेपुटेशन पर राजकीय कालेज तथा एईएन शंकर लाल वर्मा डेपुटेशन पर पावटा गए हुए थे। बाद में टीम ट्रेजेडी विभाग का अवलोकन किया जहां एक कामिक पूनम मीणा उपस्थित नहीं थी जिनकी सीएल लगा दी गई। महिलाएं बाल विकास कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी तेजपाल यादव ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग में सीडीपीओ लवलीन शर्मा व अकाउंटेंट पंकज कटारिया जयपुर निदेशालय में गई हुई थे। वही संतरा देवी अवकाश पर हैं। सहायक प्रशासनिक अधिकारी व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मौके पर मौजूद थे।

समर कैम्प प्रशिक्षण का शुभारम्भ

अलवर। केंद्रीय पर्यावरण, वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को चिकानी स्थित एलआईटी कॉलेज में अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत आयोजित समर कैम्प के द्वितीय चरण के बालिकाओं के समर कैम्प प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया।इस मौके केंद्रीय मंत्री यादव ने अलवर सांसद खेल उत्सव के अंतर्गत समर कैम्प के द्वितीय चरण के तहत लड़कियों के प्रशिक्षण हेतु समर कैम्प शुभारम्भ के अवसर पर खिलाड़ियों की हौंसला अफजाई के लिए पहुंची पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का आभार जताते हुए कहा कि श्रीमती ईरानी महिला सशक्तिकरण के लिए एक मिसाल हैं।उन्होंने कहा इनके प्रेरणादायी उद्बोधन से नि:संदेह बेटियां प्रेरित होंगी। उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव के बारे में बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य अलवर में खेल कल्चर विकसित करना तथा खिलाडियों को उचित प्लेटफार्म प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि खेल उत्सव के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को देश के श्रेष्ठ कोचेज से इस समर कैम्प में प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है।